कैंप टू बैकुंठ धाम क्षेत्र में निगम के कर्मचारी सहित पुलिस बल तैनात, गतिविधियों पर रखी जा रही है नजर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कैंप टू बैकुंठ धाम में पॉजिटिव पाए गए मरीज के घर को सील कर दिया गया है तथा आसपास के क्षेत्रों मे वृहद रूप से सैनिटाइजिंग का कार्य किया जा रहा है! यहां पर प्रत्येक घर एवं मोहल्ले को सैनिटाइज करने का कार्य निगम के स्वच्छता कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है इसके लिए 40 स्वच्छता कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है साथ ही क्षेत्र में नाली एवं सड़कों की सफाई की जा रही है! निर्मित किए गए अस्थाई कैंप में निगम के कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं जोकि क्षेत्र में गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं साथ ही किसी भी प्रकार की व्यवस्था के लिए तैनात हैं! क्षेत्र के 100 मीटर दायरे को पूर्ण रूप से सील कर दिया गया है तथा किसी को भी आने जाने नहीं दिया जा रहा है! सैनिटाइजिंग कार्य एवं अन्य गतिविधियों के निगरानी के लिए जोन के स्वास्थ्य अधिकारी आरपी तिवारी एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक वीके सैमुअल सहित इनकी टीम मौजूद हैं इसके साथ ही बैकुंठ धाम क्षेत्र के पार्षद रिंकू राजेश भी सक्रिय होकर व्यवस्था संभालें हुए हैं! पॉजिटिव नागरिक के घर के आस-पास के सभी दुकानों को बंद रखा गया है, और लोगों को घरों पर रहने रहने हिदायत दी गई है! चारों तरफ से बैरिकेडिंग की गई है! अस्थाई कैंप में पुलिस बल भी मौजूद है! जिला प्रशासन एवं निगम के अधिकारी यहां की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं!